## एनजीटी की रोक का भी पालन कराने तैयार नहीं कोई भी अधिकारी
# बेखौफ कतारबद्ध निकल रहे रेत चोरी के ट्रैक्टर-डंफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील की बहुमूल्य नदी नालों से रेत निकालने का खेल एनजीटी की रोक के बावजूद अधिकारियों की मिली भगत के चलते हो रहा है। रेत चोरों के अब इतने बुलंद हौसले हो गये हैं कि क्या रात क्या दिन रेत तस्करी जमकर की जा रही है। अब यह रेत चोर इतने बेखौफ हो गए हैं कि इन्हें प्रशासन का डर नहीं रहा और ना ही पुलिस का कोई भय इसलिए रेत बेखौफ होकर निकाल रहे है और रेत का कारोबार जमकर चल रहा है।

इन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रेत चोरी का मूल कारण खनिज विभाग, तहसीलदार, वन विभाग, पुलिस, जिनको जितने अधिकार हैं। उनका तनिक भी ये अधिकार का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इनको इनके द्वारा संरक्षण जो दिया जा रहा है। एनजीटी की रोक के बाद रेत चोरी होने मूल कारण यही है।





### खनिज निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

इस क्षेत्र की खनिज निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर इसलिए सवाल उठते रहे हैं कि उनके द्वारा कभी कोई रेत चोरी के वाहन पकड़ने ठोस प्रयास नहीं किया गये। अन्य विभागों ने वाहन पकडे लेकिन. लचर कार्य प्रणाली के चलते वाहन राजसात होने के बजाय केबल जुर्माना देकर छूटे।

### राजस्व विभाग ने भी रेत चोरी पकड़ने में नहीं ली कभी रुचि

नदियां जो राजस्व की भूमि कहलाती हैं। नदियों से कई वर्षों से रेत की चोरी होती चली आ रही है, लेकिन कोटवार से लेकर तहसीलदार तक ने इक्का दुक्का कार्यवाई करने के अलावा रेत वाहन से हो रही चोरी रोकने कोई ठोस कार्रवाई राजस्व द्वारा नहीं किया जाना रेत चोरों पक्ष में विभाग नजर आया।

### पुलिस की रात्रि गश्ती भी साबित हो रही बेअसर

रेत चोरी के वाहन जो देलाखारी से लेकर परासिया थाना सीमा तक ओवरलोड रेत के ट्रैक्टर दूसरे जिलों के पासिंग नंबर के ट्रक बिना नंबर बीमा के अलावा बगैर लाइसेंस के चालक वाहन चला रहे हैं। इन पर भी कभी चालानी कार्रवाई देखने सुनने नहीं मिली जिससे देलाखारी एवं तामिया पुलिस की रात्रि गस्ती पर सवाल खड़े होना लाजमी है।

### अधिकारियों पर नजर रखने की जगह तैनात रहते हैं रेत वाहन मालिक

दर्जनों ट्रक एवं ट्रैक्टर जो रेत लेकर निकलते हैं, उन्हें कोई अधिकारी पकड़ ना सके। इसके लिए तहसील से लेकर टोल नाके तक रेत ले जाने वालों के गुर्गे नजर बनाए रहते हैं। इनके बारे में भी पुलिस ने कभी रात में घूमने पर पूछताछ नहीं की। इसी के चलते मोटरसाइकिल एवं कार से थाना गेट पर भी निगरानी रखते हैं।

### रेत चोरी में भाजपा-कांग्रेस नेता नजर आते हैं एकजुट

इस रेत चोरी के धंधे में भाजपा और कांग्रेस के नेता शामिल हैं। वे दलगत राजनीती से ऊपर उठकर रेत चोरी में एक दूसरे के सहयोगी बने रहते हैं जिससे अधिकारियों को विरोध का सामना नहीं करना पड़ता है। इस रेत चोरी का एक मूल कारण यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को संज्ञान में लेकर पार्टी की छवि धूमल होने से बचाने निर्देश देने होंगे। नहीं तो दोनों पार्टियों की छवि रेत चोरी के धंधे के कारण धूमिल होगी।

## 6500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 45 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी कच्ची शराब को जप्त

छिन्दवाड़ा। पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत इक्का के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त दबिश के दौरान पांढुर्णा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये ग्राम वड़दामाल, कोंडर, उमरी, डीगोरी के नदी-नालों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान 6500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 45 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी कच्ची शराब को बरामद कर जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल.मरावी, भारती गौड़, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी एवं आबकारी उप निरीक्षक जीत सिंह धुर्वे, वृत्त प्रभारी नरेंद्र कुमार नागेश, बढ़चिचोली चौकी प्रभारी विक्रम सिंह बघेल एवं पुलिस आरक्षक एवं आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे।

### लापरवाही बरतने पर की कार्यवाही
## दो प्राथमिक शिक्षक व एक सहायक शिक्षक को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा विकासखंड सौंसर के दो प्राथमिक शिक्षक श्री वासुदेव उईके व श्री विजय शेंडें एवं विकासखंड परासिया के एक सहायक शिक्षक श्री मनीष मिश्रा को कार्य के प्रति लापरवाही, अनियमितता एवं बार-बार अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि शिकायत की जांच में प्राथमिक शिक्षक श्री वासुदेव उईके द्वारा विकासखंड सौंसर के शासकीय प्राथमिक शाला मोगरा में 14 सितंबर 2024 को पदभार ग्रहण करने के बाद विद्यालय में उपस्थिति अनियमित पाई गई। श्री उईके का अधिकांश समय शाला से अनुपस्थित रहने, शाला में अध्यापन कार्य नहीं कराये जाने, शाला में पूर्ण समय उपस्थित नहीं रहने, बच्चों एवं संस्था प्रमुख के साथ व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण शासकीय प्राथमिक शाला मोगरा, संकुल घोटी, विकासखण्ड सौंसर के प्राथमिक शिक्षक श्री वासुदेव उईके को तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया जाकर, मुख्यालय, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पांढुर्णा नियत किया गया है। विकासखंड सौंसर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंधराखेड़ी की शिकायत की जांच में पाया गया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंधराखेड़ी के प्राथमिक शिक्षक विज्ञान श्री विजय शेंडे पूर्ण समय शाला में उपस्थित नहीं रहते है, बिना अनुमति के शाला से चले जाते है, अनाधिकृत रूप से उपस्थिति रजिस्टर में अनावश्यक प्रविष्टियां दर्ज करते है, इस संबंध में पूछे जाने पर प्राचार्य से अभद्रता पूर्ण व्यवहार करते हैं। प्राथमिक शिक्षक श्री विजय शेंडे के द्वारा 31 जुलाई 2025 को भी प्राचार्य के साथ गाली-गलोच एवं मार पीट की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंधराखेड़ी विकासखंड सौंसर के प्राथमिक शिक्षक विज्ञान श्री विजय शेंडे को इस कृत्य के कारण तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया जाकर, मुख्यालय, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पांढुर्णा नियत किया गया है।

## शोभा की सुपारी बनी पानी की टंकियां
### जरूरत के समय एक बार भी नहीं हुआ उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

**नगर पंचायत न्यूटन के द्वारा नगर के वार्ड 11 और 12 में रखी गई पानी की टंकियां , शोभा की सुपारी बनी हुई हैं । जो जरूरत के समय एक बार भी उपयोग नहीं हुई । जिससे लगता है , कि इन टंकियों को ठेकेदार को लाभ दिलाने के लिए ही लगाया गया हो ।नगर पंचायत न्यूटन चिखली में भले ही गर्मी के दिनों की तरह पानी की किल्लत अभी न हो , पर पीने योग्य पानी के लिए अब भी लोग परेशान हैं । इसको लेकर शिकायत भी हो रही है , पर समस्या का समाधान पूरी तरह नहीं हुआ है ।**





लोगों को पानी की किल्लत से राहत देने के लिए नगर के लगभग सभी वार्डों में पानी की टंकियां लगवाई गई थी और उनमें टेंकारों से पानी भरने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी , पर हकीकत में यह देखने को मिला की भीषण गर्मियों के समय से लेकर अब तक इन टंकीयों में पानी नहीं भरा गया । हालांकि पंचायत के द्वारा तीन दिनों के अंतराल में जल आपूर्ति की जा रही हैं , लेकिन पीने के पानी के लिए अभी भी लोगों को स्वयं ही क्षेत्र में मौजूद जल स्त्रोतों से व्यवस्था करनी पड़ रही हैं । लोगों का मानना है , कि जो टंकियां लगाई गई हैं , उनमें पीने योग्य पानी भर दिया जाय तो लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा । नगर के वार्ड 11 और 13 में काली मंदिर है । यहां आए दिन कोई न कोई धार्मिक आयोजन होता रहता है , ऐसे में पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है । जो पानी सप्लाई हो रहा है , वह पूरी तरह शुद्ध नहीं है । जब टंकियां लगी है , तो उनका उपयोग भी होना चाहिए ।

## पातालेश्वर नगर मंडल ने बनाई हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के पूर्व किये गए आह्वान से प्रेरणा लेकर हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त योजना बैठक आज स्थानीय पातालेश्वर वार्ड में संपन्न हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि बैठक में छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल मे हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे समस्त बूथों मे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें और हर घर में तिरंगा फहराने हेतु जागरूक करें।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 अगस्त को छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्रीकरण के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों सहित विभिन्न वर्गों मातृशक्ति व्यापारियों छात्रों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में तिरंगा यात्रा प्रभारी संजीव रंगू यादव एवं सह प्रभारी अमित माहौर ने बताया कि पातालेश्वर नगर मंडल के समस्त बूथों में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घरों में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा झंडा फहराने हेतु आग्रह किया जायेगा एवं सोशल मीडिया में इसकी सेल्फी लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा, जिससे देशभक्ति की भावना और मजबूत होकर उभरेगी। साथ ही 11 से 14 अगस्त के बीच सभी बूथों और शक्ति केंद्रों पर तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी जिसके लिए अलग अलग प्रभारी नियुक्त किए जायेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंडल में स्थित स्थानीय दीनदयाल रसोई गांधीगंज में महात्मा गांधी की प्रतिमा के स्मारक में स्थानीय नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान भी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला के साथ धर्मटेकरी मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष पीतांबर डोडानी, नगर निगम सभापति बलराम साहू, मनोज कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## परासिया की विभिन्न शालाओं का निरीक्षण

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कक्षा 1 से 8 की अकादमिक गुणवत्ता में सुधार के लिये जिले के सभी जिला अधिकारियों द्वारा सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज जिला परियोजना समन्वयक श्री जे.के इडपाचे, ए.पी.सी. श्री संकेत जैन तथा जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी श्री मनोज दुबे द्वारा छिंदवाडा एवं परासिया विकासखण्ड की विभिन्न शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला पोआमा में दर्ज 15 में से 10 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये तथा संविदा शिक्षक श्रीमती प्रतिभाराव बगैर पूर्व स्वीकृत अवकाश के 07 अगस्त 25 को अवकाश पर पाई गई।

## जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा के लिए हुआ चयन



सौंसर। गुरुवार को विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक 17 वर्ष बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गुरुकुल विद्यालय रामाकोना में सम्पन्न हुई।प्रतियोगिता में सौसर विकासखंड की 14 वर्षीय बालक 17 वर्ष बालक कबड्डी टीमों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। विकासखंड खेल प्रभारी मिलिद चारे ने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग के निर्देशों पर सौसर विकासखंड की विभिन्न शालाओं में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें शालाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का जिला स्तरीय के लिए चयन किया जा रहा है। कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन के दौरान पीटीआई वीरेंद्र खंते ,भंसाली विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल सुनील यादव,दर्शन बाविसटाले,सुभाष से राजू इवनाती,लिटिल स्टेप से नंदकिशोर चौहान, मंदा ठाकरे ,लीलाधर खिरडकर आदि ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा सत्र 2024 25 के दसवीं बारहवीं के छात्र छात्राओं ने 85% अधिक अंक प्राप्त किया उन मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया सर्वप्रथम प्रथम स्थान में दसवीं की छात्रा पूर्णिमा बानकर शास. उ.मा.विद्यालय घोरावाडी खुर्द द्वितीय पीयूष बरसे 98.8%, तृतीय स्थान पर खुशी डेहरिया 98.4% राजराजेश्वरी पब्लिक स्कूल घोड़ावाड़ी का रहा 12वीं कक्षा से प्रथम आयशा सूर्यवंशी 94.4% राजराजेश्वरी पब्लिक स्कूल,द्वितीय स्थान पर आरजू कुरैशी 94% पी.एम.श्री.कन्या हाइस्कूल दमुआ, तृतीय स्थान पर जिज्ञासा झड़वडे 93% रहा । समिति ने 13 स्कूलों से 82 बच्चों का चयन किया जिन्होंने 85% से ज्यादा अंक प्राप्त किए शास. उ.मा.वि. घोरावाडी खुर्द से 15 बच्चे, लाल बहादुर शास्त्री नंदन 05 बच्चे, शास. कन्या हाई स्कूल नंदन कालीछापर से 9 बच्चे, शास. उ.मा.वि.नंदन से 6 बच्चे, शास. उ.मा.वि. कोल वाशरी से 5 बच्चे, पी.एम.श्री.कन्या स्कूल दमुआ के 13 बच्चे, राज राजेश्वरी पब्लिक स्कूल घोड़ावाड़ी के 20 बच्चे, न्यू ज्ञानार्जन पब्लिक स्कूल घोरावाडी के 3 बच्चे ,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरिया न.04 के 3 बच्चे, ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल से 1 बच्चे को प्रतिभा सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मनित किया गया।

## मां ताप्ती उदगम जल से किया अर्धनारीश्वर का जलाभिषेक



सौंसर। पुत्री मां ताप्ती नदी के उद्गगम स्थल मुलताई से मां ताप्ती का उद् गम पवित्र जल लेकर निकली कांवड़ यात्रा ने अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया,जल लेकर मुलताई से शुरू हुई कावड़ यात्रा का जगह जगह स्वागत के साथ अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग की नगरी मोहगांव हवेली में आगमन हुआ। कांवड़ यात्रीयों ने गुरुवार को सुबह मां ताप्ती नदी के उद् गम पवित्र जल से अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया। पैदल कांवड़ यात्रा में रोशन दारोकर, अमोल बेलखड़े, मिलिंद पाटिल, समर्थ मयुर बेलखड़े (उम्र 6 साल), मोहित पाटील, हर्षल पाटिल, सुरेश कोल्हे, मनिष कोरड़े, संजू भाऊ, भूषण गायधने, नितेश, सागर बेलखड़े, प्रतिक वघाले, सागर बोबडे, यश बनाईत , रितेश पाटिल, संजय खवसे, गौरव बालपांडे, कमलेश भाई, अमील बेलखडे, सुरज कोल्हे, निलेश पाटिल, मनिष कोरबे आदि सम्मिलित हुए,कांवड़ यात्रा का मोहगांव हवेली नगर सीमा पर डॉ. गोपाल वंजारी,सुनील येलकर, नितिन ढोबले द्वारा स्वागत किया,आयोजन में 6 साल का बालक समर्थ मयुर बेलखड़े भी पूरी कांवड़ यात्रा में बीना चप्पल के पैदल चले है।

## सालों से हो रही सौंसर में केंद्रीय विद्यालय शुरू करने की मांग
### जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते नहीं मिल रही सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग शासन प्रशासन सरकार एवं जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र वासियों के द्वारा वर्षों से की जा रही है बावजूद इसके केंद्रीय विद्यालय खुलने को लेकर किसी प्रकार की कोई प्रशासनिक कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। नवनिर्मित पांढुर्ना जिले का कृषि,मध्यम ,गरीब बाहुल्य संतारांचल क्षेत्र सौसर वन एवं खनिज संपदा से सम्पन्न होने के साथ राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक रूप से




विकासशील व सजग है। सौसर सबसे पुरानी तहसील है,बावजूद शैक्षणिक दृष्टि से अभी तक पिछडा नजर आता है। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए साहित्यकार एस आर शेंडे ने बताया कि सौसर क्षेत्र में 90 के दशक में पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ के प्रयासों से विभिन्न उद्द्योगों की स्थापना से क्षेत्र के विकास को गति जरूर मिली है। परंतु यहां केंद्रीय स्तर का कोई शिक्षण संस्थान प्रारंभ नहीं हो सका है।जिससे बच्चों को गुणात्मक व सुलभ शिक्षा मिले। सिविल राइट्स प्रोटेक्शन सेल के राष्ट्रीय सचिव, श्री.शेंडे ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव,सांसद विवेक बंटी साहू,क्षेत्र के विधायक विजय चौरे,सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र प्रेषित कर सौसर में सर्वसुविधायुक्त केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने की मांग की है।

### पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ ने थी केंद्रीय मंत्री से मांग

सूत्रों से जानकारी के अनुसार सौसर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ के द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया था। बीते दिनों प्रयास संगठन और विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से सांसद बंटी साहू को भी ज्ञापन सौंप कर सौसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग निरंतर की जा रही है। वर्तमान में पांढुर्णा और छिंदवाड़ा जिले का एजुकेशन हब सौसर बन गया है, केंद्रीय विद्यालय खुलने के चलते प्राइवेट स्कूलों के द्वारा जो मनमाने तरीके से फीस वसूली की जा रही है इस पर लगाम लगेगी, साथ ही क्षेत्र के हजारों बच्चों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा भी प्राप्त होगी।

### 23 बार दिल्ली से लेकर सौंसर तक सौंपे ज्ञापन

सौंसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग बीते 10 वर्षों से की जा रही है। परंतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता एवं तत्परता नहीं होने के चलते सौसर क्षेत्र वासियों को केंद्रीय विद्यालय की सौगात नहीं मिल पा रही है। चर्चा के दौरान प्रयास संगठन से जुड़े अशोक भुसारी ने बताया सौसर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय शुरू करने की मांग को लेकर दिल्ली भोपाल अजमेर से लेकर सौसर तक शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए उच्च अधिकारियों जनप्रतिनिधियों मंत्रियों एवं सरकार प्रशासन को 23 ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, बीते दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव, सांसद बंटी साहू को भी संगठन के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय खोलने ज्ञापन सोपकर निवेदन किया गया है,बावजूद इसके क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय नहीं खुलना क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की कमजोरी नजर आती है।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, चार साल पहले बना है तालाब
## खतरे की घंटी बजा रहा तालाब के बीच खड़ा बिजली का खम्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत दमुआ रैयत में स्तिथ तालाब , और उसके बीच खड़ा बिजली का खम्बा खतरे की घंटी बजा रहा है , लेकिन इसकी आवाज गांव वालों के अलावा किसी को सुनाई नहीं दे रही है ।

पंचायत के जिम्मेदार इसे खतरा बिल्कुल भी नहीं मानते और न ही बिजली विभाग को इस से कोई सरोकार है ।यह तालाब लगभग 4 साल पहले बना है । बताया जा रहा है की जो बिजली का खम्बा आज तालाब के बीच दिखाई दे रहा है , वह तालाब निर्माण से पूर्व भी वहीं था ।



स्थानीय ग्रामीण कहते हैं , की इस तालाब में उनके मवेशी पानी पीने , नहाने इत्यादि के लिए जाते हैं । ग्रामीण और उनके बच्चे भी इस तालाब का पानी उपयोग करते हैं । एक ग्रामीण सालिगराम धुर्वे जो पंचायत सचिव भी रह चुके तालाब में खड़े इस खम्बे पर खासी नाराजगी जताते हुए कहते हैं , कि तालाब के ऊपर से ज्यादा वोल्टेज की बिजली के तार इस खम्बे से जाते हैं । यह बहुत है ख़तरनाक स्तिथि है । कभी तार टूट जाए या खम्बा गिर जाए तो क्या होगा ? उन्होंने यह भी कहा , कि उन्होंने यह भी कहा , कि इस तालाब के निर्माण में सही मापदंडो को अपनाया नहीं गया । बोर्ड भी नहीं लगाया गया है । पंचायत के द्वारा लापरवाही की गई है । पंचायत के उप सरपंच दुलराम बरकड़े , कालका धुर्वे , संतोष करपाची , अनिल धुर्वे के द्वारा एस डी एम शिकायत भी की चुकी है ।

# बाघ का मुखौटा पहनकर टाइगर स्टिकर वाली राखियों लोगों को बांधी

**सिवनी।** रक्षाबंधन पर पेंच टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे कर्मचझिरी, फुलझारी, टुरिया गांव में बाघ सरंक्षण अभियान चलाया। इस दौरान वनकर्मी और वन समिति के सदस्यों ने बाघ का मुखौटा पहनकर टाइगर स्टिकर वाली राखियों लोगों को बांधी। इस पहल के माध्यम से लोगों को वन्यजीवों, जंगल और विशेषकर बाघों के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

## इस अभियान की शुरुआत 2022 में हुई थी

पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि बाघ संरक्षण एक चुनौती है। प्रदेश और देश में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग बाघ संरक्षण के लिए आवश्यक है।

बाघ और मानव के बीच संघर्ष को कम करने के लिए पेंच प्रबंधन ने 2022 में इस अभियान की शुरुआत की थी। भारतीय संस्कृति



में रक्षाबंधन प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। इसी भावना से इसे



बाघ रक्षा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

## इस साल 15 हजार राखियां तैयार की गई

यह अभियान पिछले तीन सालों से चलाया जा रहा है। इस साल प्रबंधन ने लगभग 15 हजार राखियां तैयार कराई हैं। वन अमला बाघ का मुखौटा पहनकर राखियां बांध रहा है। साथ ही लोगों को बाघ संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहा है।रक्षाबंधन का त्योहार आज शनिवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। वे उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना करती हैं। भाई भी जीवन भर बहनों की रक्षा का वचन देते हैं।त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। दुकानों पर आकर्षक और फैंसी राखियों के साथ अन्य सामग्री की खरीदारी हो रही है। कपड़ा और मिठाई की दुकानों पर भी खरीदारी जोरों पर है।

## खबर संक्षेप

### छपारा में अघोषित बिजली कटौती से नगरवासी परेशान

**छपारा।** वर्तमान में हो रही बारिश के मौसम में एक ओर जहां कीड़े-मकौड़े और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर अघोषित और अनिश्चितकालीन बिजली कटौती ने नगरवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। लगातार दिन में कई बार लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर इलैक्ट्रिक उपकरणों के खराब हो जाने का खतरा बढ़ गया है। विद्युत वितरण कंपनी के गैरजिम्मेदाराना रवैये से पभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जब सुधार कार्य के लिए समय- समय पर कटौती हो चुकी है, तो फिर बिजली आपूर्ति क्यों बंद की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से नगर में लगातार अधिक समय तक बिजली का आने-जाने का सिलसिला जारी है। इस प्रकार बार-बार बिजली बंद होने से आमजनों के रोजमर्रा के काम में बाधा आ रही है। नगरवासियों ने विद्युत वितरण कंपनी, छपारा से अपील की है कि वे बेहतर सुविधाएं प्रदान करें और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाएं।

### जनपद पंचायत स्तरीय हर घर स्वच्छता हर घर तिरंगा अभियान का ग्राम पंचायत औरई से शुभारंभ

**मण्डला।** कलेक्टर के निर्देशानुसार हर घर स्वच्छता हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त 2025 तक आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत स्तरीय अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत औरई से किया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता चौपाल, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, सामूहिक श्रमदान एवं साफ-सफाई, तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी, जनपद सदस्य श्री मेवालाल धुर्वे, सरपंच ग्राम पंचायत औरई श्री अजय कुशराम, सहायक यंत्री श्री राहुल गौतम, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रबंधक एनआरएलएम, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत औरई 70-80 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक संपन्न

**मण्डला।** अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने ली सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक। इस दौरान उन्होंने जुलाई माह की शिकायतें, 50 दिवस से लम्बित शिकायतों के निराकरण की स्थिति तथा उनके संतुष्टिपूर्वक निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से बात करें तथा सही जवाब प्रविष्ट करें संबंधित अधिकारी। रैंकिंग जारी होने में अभी 12 दिवस शेष हैं। श्री सिंह ने कहा कि विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन के शिकायतों के निराकरण की ग्रेडिंग को और बेहतर करें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 तथा इन्टरेस्ट सब्सिडी स्कीम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एसडीएम, सीएमओ, सीईओ इसमें प्रगति लाकर पूर्ण करें। इस दौरान सभी को प्रजापिता ब्रम्हकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से राखी बांधी गई।

### डंपर ने ट्रेक्टर को मारी टक्कर, 2 कांवड़ियों की मौत, 9 घायल

**हरिभूमि न्यूज:सिवनी।** जानकारी के अनुसार काशी (बनारस) से कुछ काबडिया महाराष्ट्र राज्य के ग्राम पातुर जिला अकोला जल भरकर पैदल ले जा रहे थे और उनके साथ ट्रेक्टर सहित फोरव्हीलर वाहन आगे पीछे चल रहे थे। जब वे बंडोल थाना क्षेत्र के चोर गठरिया ग्राम के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 में पीछे से आ रहे तेज गति डम्फर ने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी जिसके कारण ट्रेक्टर के आगे $काबड लेकर पैदल चल रहे 2 काबडियो की मौत हो गई। और 9 घायल हो गए। सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पैदल चल रहे कांवडियों के पीछे चल रहे ट्रैक्टर को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जो कांवडियों पर चढ़ गया। इस हादसे में 2 कांवडियों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। चोर गरठिया ग्राम के समीप नेशनल हाईवे-44 पर देर रात 11 बजे हादसा हुआ।

# मास परायण के साथ किया गया राम चरित मानस का विश्राम...

सोनखार पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर बाजार चौक उगली में श्रावण के प्रथम दिवस से ही गुरु पूर्णिमा के दिन से नियमित मंदिर समिति के पदाधिकारी और ग्रामीणों के सहयोग से मास पारायण का वाचन नियमित किया गया, जिसका समापन गत दिवस तीसवां मास पारायण वाचन तत्पश्चात हवन पूजन महाप्रसाद कर श्रावण मास को विदाई दी गई. इस संदर्भ में मंदिर समिति से जुड़े हुए सेवानिवृत शिक्षक लीलाधर हनुमत जी ने बताया कि श्रावण मास में देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु भक्तगण विशेष पूजन अर्चन अनुष्ठान विधि विधान से करते हुए रामचरितमानस का वाचन अखंड रामायण सुंदरकांड मास पारायण रामायण मंडली आदि में श्री रामचरितमानस की दोहा चौपाइयों का वथीन कर अपने-अपने तरीके से मानस प्रेमियों के द्वारा यह पाठ किया जाता है, जिसके अंतर्गत गत दिवस मास पारायण का विश्राम किया गया, श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर बाजार चौक उंगली में विगत 10 दशकों से नियमित गुरु पूर्णिमा को अखंड रामायण का वाचन किया जाता था,लेकिन इस बार समिति ने कुछ फेरबदल करते हुए मास पारायण कर श्रावण मास में प्रतिदिन हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन कर श्रद्धालु गण एकत्रित होकर धर्म लाभ लिये. विगत दिवस श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर बाजार चौक उगली में एक विशेष बैठक भी आहूत की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर को स्वच्छ और सुरक्षित करने के उद्देश्य से सभी का सलाह मशवरा आदि पर विचार किया गया, लगभग 5 -10 दशक पूर्व यह भूमि उगली के ही एक साहू परिवार के द्वारा भूदान करते हुए हनुमान मंदिर के नाम से जमीन दी गई जिसमें अभी इस हनुमान मंदिर परिसर की लगभग चार आर ऐ जमीन की रजिस्ट्री करवा कर मंदिर समिति के नाम करने के लिए विचार विमर्श किया गया. श्रावण मास में रामचरितमानस का वाचन करने के पीछे एक कथा भी है कि भगवान शंकर और श्री हरि विष्णु रूप में श्री राम जी एक दूसरे के आराध्य हैं, जहां श्री शिव जी को खुश करने के लिए श्री हरि को अर्थात श्री राम जी को प्रसन्न किया जाता है, इस कारण से श्रावण मास में रामचरितमानस का वाचन करने का भी एक अलग पुंण्य धर्म लाभ है, प्रतिदिन मास पारायण उपरांत संस्कृत के दोहा चौपाइयों का व्याख्यान विस्तृत सार मंदिर समिति से जुड़े हुए प्रकांड विद्वान, बुद्धिजीवियों के द्वारा विशेष श्री हनुमत सर के मुखार विंद से समिति और सभी ग्राम वासियों के द्वारा श्रवण किया गया, आज की नव युवा पीढ़ी को श्री रामचरितमानस के हिंदी भाषा में अर्थ समझना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि श्री रामचरितमानस जीवन जीने की शैली भी सिखाती है, मर्यादा पुरुषोत्तम राघवेंद्र सरकार श्री राम जी और भूमिजा जनकदुलारी भारतेश्वरी माता जानकी, लखन लाल और वीर हनुमान जी की गाथाएं श्री रामचरितमानस में लगभग आठ कांड और 30 मास पारायण के अंतर्गत संछिप्त गाथा का बखान किया गया है।

**हवन पूजन भंडारा के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन सिवनी जिले के में छपारा:** सिद्ध हनुमान मंदिर बड़े बगीचा में श्रावण मास के अवसर पर लगभग एक माह से चली अखंड रामायण पाठ का आज हवन पूजन भंडारा के साथ समापन हो गया। हम आपको बता दें कि बड़े बगीचा वाले हनुमान के नाम से छपारा के सिद्ध हनुमान मंदिर में समिति द्वारा सावन के महीने में दिन और रात से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था, जिसमें युवा वर्ग ने बड़ी मेहनत करके महीने भर चली अखंड रामायण पाठ में भाग लेकर के जन कल्याण के लिए यह धार्मिक आयोजन किया, इस अवसर पर युवाओं ने 125 किलो ग्राम की नारियल की रस्सी से भगवान शंकर भोलेनाथ और नंदी की सुंदर प्रतीकात्मक प्रतिमा बनाई , इस अवसर केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने अखंड रामायण पाठ का वाचन कर पुण्य लाभ अर्जित किया , समूचा नगर ने बड़े बगीचा जाकर मूर्ति का दर्शन किया, एवं सावन माह समाप्ति के एक दिन पूर्व अखंड रामायण पाठ का विधिवत रूद्र अभिषेक एवं हवन पूजन करके भंडारा का महा प्रसाद वितरण किया, अंत में एक महीने से चली आ रही अखंड रामायण पाठ का समापन किया गया एवं हनुमान मंदिर बड़े बगीचा समिति ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में भारत छोड़ो आंदोलन दिवस मनाया

**9 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में भारत छोड़ो आंदोलन दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम पूज्य बापू महात्मा गांधी और आदिवासी क्रांतिकारी वीर योद्धाओं के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पीत की गई। श्रीमती गीतारणधीर सिंह ठाकुर द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया एवं जेपीएस तिवारी, श्रीमती ललिता बघेल मोहन सिंह ठाकुर, धुरवनारायण चैधरी, धनंजय सिंह द्वारा इन महान विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया।**

जिला कांग्रेस कमेटी में आयोजित भारत छोड़ो आंदोलन एवं विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में देश को आजाद कराने के लिए कांग्रेस के असंख्य नेताओं ने अपना सर्वस्व त्याग किया और बड़ी संख्या में स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष में सेनानियों ने जीवन का बलिदान किया। सन 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का शंखनाद कर देश के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में नई शक्ति प्रदान की थी, देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी एवं हमारे गणमान्य नेताओं का त्याग, बलिदान एवं संघर्ष का विश्व में अनुठा इतिहास रहा है। श्री खुराना ने आगे कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में आदिवासी वीर शहीदों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। 1857 के विद्रोह से बहुत पहले एक साहसी आदिवासी नेता तिलक मॉझी ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ प्रतिरोध किया था, जिसे आदिवासी भगवान के रूप में पूजते है ऐसे बिरसा मुंडा अपने जीवन भर आदिवासियों के शोषण के खिलाफ जल, जंगल और जमीन का हक दिलवाने के लिए ब्रिटिश सरकार से संघर्ष करते रहें। इसी तरह स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष में महाराजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह, टंट्या भील, रानीदुर्गावती ने स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष में अपने प्राण न्यौछावर किए। इस अवसर पर राजिक अकील, मोहनसिंह चंदेल, राजेश मानाठाकुर, ऐश्वर्य सुमित मिश्रा, रामकिशोर बघेल, मनीष अग्रवाल, राजा मुबीन, किशोर मिश्रा, सुजीत गोदरे, आबिद हुसैन, रहीम शाह, वसीम रायल, शहबाज खान, अशफाक खान, पवन कुमार नोनीवाल, सतेन्द्र बघेल सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में भटेखारी पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह

9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ग्राम भटे खारी पहुंचे जहां पर ग्रामीणों एवं आदिवासी समाज ने बेहद ही गर्म जोशी से उनका स्वागत किया सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक द्वारा ग्राम में 250000 के कार्यों का भूमि पूजन किया गया जहां पर प्रस्तावित आदिवासी पूज्य राजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह की मूर्ति स्थापित होनी है भूमि पूजन के बाद अपने उद्बोधन में क्षेत्रीय विधायक द्वारा200000 की और राशि सामाजिक गेट के लिए देने की घोषणा की गई एवं आदिवासी समाज द्वारा किए गए कार्य उनका इतिहास के बारे में विस्तार से वक्तत्व देते हुए बताया भी गया आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भारी वर्षा के बीच में क्षेत्रीय विधायक का जब आगमन हुआ तो आदिवासी समाज के लोगों ने वर्षा को ना देखते हुए भी जी प्रेम और स्नेह से उनका स्वागत किया शायद इसी का प्रति उत्तर था कि क्षेत्रीय विधायक ने गेट के लिए खुशी से राशि सैंक्शन करते हुए अपना उद्बोधन समाप्त किया वही छेत्रीय सरपंच गोलू पटले द्वारा बताया गया कि क्षेत्र के आदिवासी समाज की लंबे समय से मांग थी जो क्षेत्रीय विधायक द्वारा पूरी की गई।

### केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने आदिवासी दिवस समारोह में सहभागिता किया

शनिवार को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कान्हीवाडा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भटेखारी में आयोजित कार्यक्रम के आयोजन में शामिल होकर सहभागिता किया। विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने सर्वप्रथम कार्यक्रम के आयोजन में शामिल होकर उपस्थित स्वजातीय जनों से भेंट कर सेवा जौहर प्रेषित किया। तत्पश्चात महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा रघुनाथ शाह जी एवं राजा शंकर शाह जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने हेतु स्वीकृत सभा मंच का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के आयोजन में साथ ही जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश मरावी जी, सिवनी जिला गोंडवाना संघ, जिलाध्यक्ष गयाप्रसाद कुमरे जी, सेक्टर अध्यक्ष सुरेंद्र पटले जी, नाहर सिंह मरावी जी, कपूर सिंह पंद्रे जी, सहजादे खान जी समेत समस्त सामाजिक बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों में मंडला जिले का नाम किया रोशन - मंत्री श्रीमती उइके

### जेईई एवं नीट में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**मण्डला।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में ज्ञानार्जन प्रोजेक्ट 2.0 के तहत वर्ष 2024-25 में नीट एवं जेईई में चयनित विद्यार्थियों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री श्रीमती उइके ने चयनित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने सीमित संसाधनों एवं अल्प सुविधाओं के बीच अपने कठिन परिश्रम से मंडला जैसे जिले का नाम रोशन किया है। इसके लिए आपको, परिजनों एवं शिक्षकों को बधाई।मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जिले के लिए यह बहुत बड़ी बात है कि आप लोगों ने जेईई एवं नीट जैसी कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की। पहले इस तरह की परीक्षाओं की तैयारी बड़े शहरों में ही होती थी। जिला प्रशासन के द्वारा नवाचार के रूप में प्रारंभ किया गया ज्ञानार्जन प्रोजेक्ट 2.0 अपनी सफलता की कहानी खुद ब खुद बता रहा है। जिले में मेडीकल कॉलेज भवन का भी निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है। अनुशासन, लगन एवं समर्पित भाव से आगे की पढ़ाई जारी रखें। मंत्री श्रीमती उइके ने इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद विद्यार्थियों से उनके अनुभव जाने। विद्यार्थियों ने बताया कि जिला प्रशासन के इस नवाचार की बदौलत परीक्षा से संबंधित सारी सुविधाएं यहां प्रदान की गई। जिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर जाकर पढ़ाई करनी होती थी वह यहीं निःशुल्क प्राप्त हो गई। एपीसी श्री मुकेश पांडे ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि विगत वर्ष 10 विद्यार्थी नीट एवं 4 विद्यार्थी जेईई परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। नया बैच 16 अगस्त से प्रारंभ किया जा रहा है। 400 विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 70 विद्यार्थियों को नीट एवं 50 विद्यार्थियों को जेईई की परीक्षा की तैयारी के लिए सिलेक्ट किया गया है। जिले के 32 शिक्षकों द्वारा इस परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।नीट में चयनित विद्यार्थी निशा कुलस्ते, तन्या चौधरी, तनिष्का साहू, तान्या साहू, सीमा कोराम, सुहानी मार्को, सावन वरकड़े, करीना कुशराम, अंजुलता भार्गव एवं प्रियंका परते है। कार्यक्रम में श्री रानू राजपूत, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, श्री रंजीत गुप्ता, एपीसी श्री मुकेश पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# माहिष्मती घाट में आकांक्षी हाट मेले का आयोजन 11 अगस्त से

**मण्डला।** नीति आयोग, भारत सरकार के आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत वोकल फोर लोकल के तहत स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु पाँच दिवसीय आकांक्षा हाट मेले का आयोजन 11 अगस्त से 15 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार तक किया जा रहा है। यह मेला जिला प्रशासन मंडला द्वारा माहिष्मती घाट के पास जल संसाधन विभाग के विश्रामगृह में प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। वोकल फोर लोकल अंतर्गत इस हाट-मेले में स्वसहायता समूहों, स्थानीय उत्पादकों, कारीगरों एवं विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन पर विभिन्न कार्यक्रम कर बांधा रक्षासूत्र

मण्डला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा रक्षाबंधन पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। जिसमें जेल, 148 वीं बटालियन (सीआरपीएफ), जिला योजना भवन, जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन, आदर्श बाल गृह, वृद्धाश्रम आदि जगहों में रक्षाबंधन का कार्यक्रम कर सभी को रक्षा सूत्र बांधा। जेल के अंदर किए गए कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, जेल अधीक्षक भ्राता संजय सहलाम साथ ही ब्रह्माकुमार भाई बहनें और जेल के कैदी भाई बहन उपस्थित रहे। जेल के अन्दर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा सभी कैदी भाइयों को रक्षाबंधन के महत्व को बताया।

ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार पवित्रतम प्रेम और मधुर संबंधों की स्मृति दिलाने वाला है। साथ ही सभी कैदी भाइयों को अपने अंदर छिपे बुराइयां, व्यसन आदि बुरी आदतों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद सभी कैदी भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा और मिठाईयां दी गई। साथ ही जेल अधीक्षक एवं जेल के सभी स्टाफ को भी रक्षा सूत्र बांधा गया। और सभी का मुख मीठा कराया गया। जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के बच्चों को ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने रक्षाबंधन का महत्व बताकर सभी को रक्षासूत्र बांधा गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन, बीके सरोज बहन, तंखा मेमोरियल स्कूल के बच्चे सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।



ब्रह्माकुमारीज़ मण्डला के द्वारा 148 वीं बटालियन (सीआरपीएफ) में रक्षाबंधन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में 148 वीं बटालियन, (सीआरपीएफ)कमांडेंट भ्राता विक्रांत सारंगपाणि एवं अन्य अधिकारी सहित पुलिस के जवान, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया। रक्षासूत्र का महत्व बताया कि रक्षासूत्र बांधते समय सबसे पहले बहन भाई के मस्तष्क पर तिलक लगाते हैं जो आत्मस्मृति का प्रतीक है, उसके बाद रक्षासूत्र कलाई में बांधते है जो एकता का प्रतीक है और दो धागे में गठान लगाते हैं वह दृढ़ता का प्रतीक है। उसके बाद मुख मीठा कराया जाता है, इसका मतलब की हमेशा मुख से सदैव मीठी वाणी बोलते रहे। इसके साथ सभी जवान भाइयों से शुभ संकल्प पत्र भरवाया गया। इसके बाद सभी जवान भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर मुख मीठा कराया गया। सभी जवान भाई रक्षासूत्र बंधवाकर बहुत खुश हुए। जिला योजना भवन मंडला में रक्षाबंधन का कार्यक्रम कर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने अपर कलेक्टर भ्राता राजेंद्र कुमार सिंह, नगरपालिका सीएमओ भ्राता गजानन नाफ़ड़े, बैंक के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगणों को रक्षासूत्र बांधा गया। इसके साथ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने मंडला



कलेक्टर भ्राता श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा भ्राता रजत सकलेचा

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मंडला जिले के मुख्य सेवाकेंद्र बस स्टैंड के पीछे स्थित विश्व शांति भवन में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मंडला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी जी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, साथ में ब्रम्हाकुमारी लक्ष्मी बहन, ब्रम्हाकुमारी शिवकुमारी बहन एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी जी ने सभी को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी और साथ ही रक्षाबंधन के महत्व को बताया।सभी को प्रतिज्ञा दिलाई गई कि सभी के प्रति शुभ भावना और शुभकामना रखनी है सभी को सुख देना है। फिर सभी ब्रह्माकुमार भाई बहनों को राखी बांधी गई और सभी को भोग और मीठा दिया गया।

### आदिवासी समाज ने निकाली अधिकार रैली

## धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज ने गोंगो पूजन के बाद नगर में अधिकार रैली निकाली। रैली में आदिवासी समुदाय के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

वीरांगना रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन से शुरू होकर रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय सभागार पहुंची। वहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



संयुक्त राष्ट्रसंघ की घोषणा के अनुसार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आदिवासियों की विशिष्ट जीवन शैली के महत्व को बरकरार रखना है।

प्रतिनिधियों ने कहा कि आजादी के इतने सालों बाद भी आदिवासी समाज समस्याओं से ग्रसित है। उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि आदिवासी दिवस पर छुट्टी घोषित नहीं किया गया।

आदिवासी समुदाय के लोगों ने यह भी चिंता व्यक्त की कि आदिवासियों पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। उनका आरोप है कि सरकार आदिवासी क्षेत्र में वन और खनिज संपदा के भंडार को आदिवासियों से छीनकर पूंजीपतियों के हाथों में सौंपना चाहती है।

आदिवासी प्रतिनिधियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बड़े राजनीतिक दलों की सरकारों के बावजूद प्रदेश और जिले के आदिवासी मुख्यधारा से आज तक जुड़ नहीं पाए हैं। आदिवासियों के उत्थान और विकास की योजनाएं कागजों पर ज्यादा और जमीनी धरातल पर कम हैं।

### विधायक ने हत्या होना बताया, कहा- डीएफओ पर कार्रवाई की जाए

## विधानसभा में उठा सोनेवानी में बाघ की मौत का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में कान्हा-पेंच कॉरीडोर के सोनेवानी अभ्यारण्य में बाघ की संदेहास्पद मौत का मामला विधानसभा तक पहुंच गया है। वॉट्सऐप पर मृत बाघ की फोटो सामने आने के बाद यह मामला उजागर हुआ था। एक दिन पहले शुक्रवार को विधायक अनुभा मुंजारे ने विधानसभा में इस मामले को उठाते हुए बाघ की मौत को हत्या बताया है। उन्होंने डीएफओ अधर गुप्ता पर कार्रवाई की मांग की है।

**वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो को लिखा पत्र**

इस बीच, वन्यजीव प्रेमी अभय कोचर ने एसटीएसएफ की जांच पर सवाल उठाए हैं। इन्होंने 9 अगस्त को वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (डब्ल्युसीसीबी) के अतिरिक्त निदेशक को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। इन्होंने आरोप लगाया है कि पिछले 15 महीनों में सोनेवानी अभ्यारण्य क्षेत्र में एक तेंदुए और एक बाघ के शव को भी इसी तरह ठिकाने लगा दिया गया था।



पहले इस मामले को छिपाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया और अब वन विभाग की अधीनस्थ संस्था एसटीएसएफ जांच कर रही है। विभागीय संस्था होने के कारण यह अपने उच्च अधिकारियों को बचाने, साक्ष्य मिटाने और जांच की दिशा को भ्रमित करने का काम करेगी।

2 अगस्त को वॉट्सऐप पर मृत बाघ की फोटो आने के बाद मामला सामने आया था। वन विभाग की टीम ने जल्दबाजी में 8 आरोपियों के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया। इनमें से 6 वन सुरक्षा श्रमिक चौकीदारों को गिरफ्तार किया गया है। डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे अभी भी फरार हैं।

5 अगस्त को गिरफ्तार किए गए सभी 6 वन सुरक्षा श्रमिकों को 11 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है। एसटीएसएफ मामले की पूछताछ कर रही है। लेकिन जांच की प्रगति के बारे में कोई जानकारी मीडिया को नहीं दी जा रही है।

### बहनों ने जेल में बंद भाइयों को बांधी राखी, अपराध न करने का लिया वचन

## जेल से घरों तक सजी राखी की डोर











हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 9 अगस्त शनिवार को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जेल से लेकर घरों तक भाइयों की कलाइयों पर राखी की डोर सजी नजर आई।

जेल में बंद भाइयों से मिलने उनकी बहनें पहुंचीं और उन्हें राखी बांधी। बहनों ने अपने भाइयों के दीर्घायु की कामना की। जेल में बंद भाइयों ने न केवल बहनों की रक्षा का वचन दिया बल्कि भविष्य में अपराध न करने का वादा भी किया। बहनों की आंखों में भाई को राखी बांधने की खुशी के साथ-साथ उनके जेल में होने का दुख भी साफ झलक रहा था।

शहर के घरों में भी रक्षाबंधन की धूम रही। बहनों ने छोटे से लेकर बड़े भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ और लंबे जीवन की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया।

श्रावण मास की पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले इस त्योहार ने पूरे बालाघाट में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया। भाई-बहन के अटूट स्नेह की डोर से बंधे इस पर्व के कारण शहर की सड़कों पर आवाजाही बढ़ गई और बाजारों में चहल-पहल रही।

जेल प्रशासन ने कैदी भाइयों को बहनों के साथ रक्षाबंधन मनाने के लिए विशेष व्यवस्था की थी। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों से अपराध न करने का वचन लिया, जिससे वे जल्द ही जेल से बाहर आकर परिवार के साथ सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें।

### प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे खाद्य सामग्री के नमूने

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश एवं सीएचएमओ डा परेश उपलप के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट की टीम द्वारा 08 अगस्त को बालाघाट नगरीय क्षेत्र की प्रमुख मिठाई दुकान वैशाली राजपुरोहित स्वीट्स, कलश स्वीट्स, शगुन स्वीट्स एवं अन्य प्रमुख मिठाई विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से मलाई बर्फी, खोवा बर्फी कलाकंद, मिल्क केक, छेना आदि के नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है । निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के संचालकों को स्वच्छता पूर्वक मिठाइयों का निर्माण कर हाईजेनिक तरीके से रखरखाव तथा विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान निर्देशित किया गया कि खुले में मिठाई एवं खाद्य सामग्री का प्रदर्शन ना करें इस पर प्रतिबंध है।

इस दौरान निर्देशित किया गया कि खाद्य सामग्री का निर्माण स्वच्छता बनाए रखते हुए गुणवत्ता के साथ करे और गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री का ही विक्रय हो । निरीक्षण के दौरान अस्वच्छता और गंदगी पाए जाने पर दो मिष्ठान भंडार को सुधार के लिए कारण बताओ सूचना जारी किया गया । संपूर्ण कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी वाजिद मोहिब, योगेश डोंगरे एवं गीता टांडेकर उपस्थित रहे।

### खेतों में पर्याप्त नमी या सिंचाई के साधन होने पर ही रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करें

**बालाघाट।** उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के किसानों से अपील की है कि रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग करें। खेतों में पर्याप्त नमी होने, वर्षा जल होने या सिंचाई के साधन उपलब्ध होने पर ही रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करें। इस संबंध में की गई अपील में कहा गया है कि वर्तमान समय में यह देखा जा रहा है कि जिले में वर्षा कुछ दिनों से कम हो रही है। ऐसे समय में किसान भाई फसल में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहे है, जिससे फसलों में पानी की मांग अधिक बढ़ जाती हैं। किसान भाइयो को सलाह है कि ऐसे में रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग किया जाए । जिससे फसलों को उचित पोषक तत्वों की पूर्ति बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के उपलब्ध हो सकेगी। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग भूमि में पर्याप्त मात्रा में नमी होने, वर्षा जल होने या सिंचाई के साधन उपलब्ध होने पर ही प्रयोग करें।

## ग्राम हेट्टी में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



ग्राम पंचायत कंकिरनापुर के ग्राम हेटटी में 09अगस्त 2025को विश्व आदिवासी दिवस को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जल, जंगल, जमीन के संरक्षण में सदियों से सदैव तल्लीन, प्रकृति के सच्चे सेवक आदिवासी भाई, बहन को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीणों के द्वारा आदिवासी वेशभूषा में नाच गाना रीना ददरिया विभिन्ना प्रकार के नित्य क्रियाओं के साथ एक विशाल रैली निकाली गई जो किरनापुर के चौक चौराहे होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंच। दूर दराज से आए हुए सभी आदिवासी महिलाओं व पुरुषों नवयुवकों ने विश्व आदिवासी बिरसा मुंडा व डॉ.भीमरावं आम्बेडकर के छायाचित्र पर फूल माला अर्पित कर व बड़ा देव की पूजा कर13 वर्षो से इस स्थान पर कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सम्माननीय अध्यक्ष पुरनलाल कारें, फूलसिंह उइके ,शालिकगराम उइके, वाय. रामटेके ,भागचंद मरावी, तिलक टेकाम, परदेसी उइके, अशोक घोर मारे ,पतिराम उइके, दुली राम उइके ,शिवलाल उइके, राजकुमार ,बेलन इनवाती, प्रमिला उइके, श्याम कली उइके, रसीलाबाई उइके , पी आर गजभिए ,सूरज लाल पन्द्रे,कृपाल टेकाम ,तुलाराम सोनवाने, आई एल नायक, यीशु लाल कावरे,विश्व आदिसियों क्षेत्रवासियों को सौगात देते हुए आदिवासियों को अपना अधिकार कर्तव्य और नीति के बारे में बताया और हमारे क्षेत्र के आदिवासियों के साथ कैसे शोषण किया जा रहा है हमारे आदिवासी बहनों बधियों को समाज से भगा कर शादी कर लेते हैं और आदिवासी का गलत तरीके से फायदा लेते हैं इसके चलते हुए हमारे आदिवासी समाज को आदिवासी का लाभ नहीं कंकमिल पा रहा है।पूर्व विधायक ने इस पर अंकुश लगाने की बात कही है ताकि हमारे आदिवासी समाज को आदिवासी का पूरा अधिकार मिल सके विश्व आदिवासी दिवस के अध्यक्षता में सम्माननीय सदस्य गण हमारे क्षेत्र के अशिक्षा नीति और स्वास्थ संबंधित पर भी बहुत खरे शब्दों में क्षेत्रवासियों को संबोधित किया अध्यक्ष ने आये हुए आदिवासियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया।

## मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर से चोरी : करीब साल भर पहले 7 लाख रुपए की लागत से लगाया गया टीन शेड



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** खजरी भालवा नाले के पास में स्थित नगर परिषद के मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर से दूसरी बार चोरी की वारदात हुई है. इस बार चोरों ने फैसिलिटी सेंटर में लगे टीन शेड से टीन की चोरी की है. शनिवार को पार्षद श्रीमती मनीषा कोचर ने इस चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि करीब साल भर पहले ही 07 लाख रुपए की लागत से टीन शेड लगाए गए थे. नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा उन्हें टीन शेड से टीन के चोरी होने की सूचना दी गई. मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी से जब चोरी के संबंध में सूचना है या नहीं इस पर चर्चा की तो उन्होंने बताया कि चोरी की कोई जानकारी उनके पास नहीं है. अब इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीएमओ की कार्यशैली कैसी है. कर्मचारी उन्हें चोरी तक की सूचना देना मुनासिब नही समझते. बता दें इसके पूर्व भी सेंटर में चोरी हुई थी तब अज्ञात चोरों ने मशीनों की मोटर चोरी कर ली थी अब टीन और सेंटर के बाहर लगे सोलर पैनल भी गायब है. फिलहाल, यह चोरी नगर परिषद के कर्मचारियों के सहयोग के बिना असंभव लगती है. ऐसा माना जा रहा है कि इस चोरी में नगर परिषद के कर्मचारियों का भी हाथ हो सकता है हालांकि यह बात तो तब उजागर होगी जब चोरी की रपट थाने में दर्ज करवाई जाएगी और पुलिस मामले की जांच करेगी लेकिन सरकारी संपत्ति की चोरी हो रही है और अधिकारी इस बात से अंजाम बने है तो फिर रिपोर्ट करवाएंगा कौन. यह एक बड़ा सवाल है।

गौरतलब हो कि नगर परिषद ने करीब 04 साल पहले मिनी स्टेडियम के ठीक सामने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर बनाया है. जहां आज तक बिजली नहीं पहुंची है. शहर का निकलने वाला पूरा कचरा आज भी खुले में फेंक कर आग के हवाले किया जाता है. नगर परिषद स्वच्छ भारत अभियान के सर्वे के दौरान इस केंद्र को कचरा निस्तार करने की इकाई के रूप में पेश करती है. कथित तौर भ्रष्ट और पैसा खाऊ सर्वेयर आकर कटंगी शहर का स्वच्छता सर्वे करते है. सर्वे में केवल झूठी तस्वीर पेश की जाती है गंदगी की हकीकत को छिपाया जाता है. बता दें कि सेंटर में कई लाखों रुपए की मशीनें रखी हुई है जो उपयोग नहीं होने के कारण बर्बाद होने की कगार पर है अगर कुछ सालों तक इनका उपयोग नहीं किया गया तो यह कबाड़ में बेचने लायक ही रह जाएगी. यह नगर के जनता के टैक्स के पैसों से खरीदी गई मशीन है. ताज्जुब इस बात का होता है कि यह सेंटर बनने से पहले यहां बिजली की व्यवस्था नहीं की गई और सेंटर बनने के 04 साल बाद भी सेंटर शुरू नहीं हो पाया. लापरवाही किसकी है इस बात की चिंता ना तो जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि नगर परिषद अध्यक्ष ने की और ना ही प्रशासनिक अधिकारी इसकी सुध ले रहे है।

मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर एक ऐसा केंद्र होता है जहाँ ठोस कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में छांटकर उसका पुनः उपयोग या पुनर्चक्रण किया जाता है. यह शहरी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मगर, कटंगी में पूरे शहर का कचरा खुले में फेंका जा रहा है. जिसकी बदबू से खजरी गांव के लोग परेशान है।

### इनका कहना है

नगर परिषद के कर्मचारियों ने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर से टीन चोरी होने की सूचना दी है. हमने कई बार सेंटर शुरू करवाने बोला अधिकारी ध्यान नहीं देते. शहर का कचरा खुले में फेंका जा रहा है।

**मनीषा कोचर पार्षद**

मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर से चोरी होने की सूचना मुझे नहीं है मैं इस संबंध में जानकारी लेता हूं।

**राधेश्याम चौधरी सीएमओ**

### शिक्षा व पढ़ाई लिखाई करने के लिए बच्चो को किया प्रोत्साहित

## फूलचूर में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, किया झंडा वंदन, निकाली रैली

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।** खैरलांजी जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम फूलचूर में शनिवार 9 अगस्त को हर्ष उल्लास से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया । समारोह का शुभारंभ झंडा वंदन से किया गया साथ ही आदिवासी समाज के महापुरुषो के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए दिप प्रज्वलित किया गया एंव उन्हें नमन करते हुए जयघोष किया गया। जिसके बाद भव्य रैली निकाली गई जो ग्राम के विविध मार्ग से गुजरते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर आयी। इस दौरान रैली का ग्रामवासीयो के द्वारा अभिवादन व भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाज, वेषभूषा, परम्परा एंव सामाजिक एकता का समावेश दिखाई दिया। इस दौरान सामाजिक प्रबुद्ध लोगो ने समाज के उत्थान और विकास की बात की । शिक्षा के प्रति जागरूक किया एंव बच्चो को पढ़ाई लिखाई करने के प्रेरित किया। साथ ही माता-पिता को अपने बच्चो को शिक्षित करने लिए प्रोत्साहित किया गया । बताया की शिक्षा से भविष्य उज्जवल होगा। समाज और परिवार का विकास होगा। एंव पढ़ाई लिखाई कराने पर विशेष जोर दिया गया।जानकारी के अनुसार सयुंक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा 1994 को विश्व आदिवासी दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। जिसके बाद हर वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पूरे देश और विश्व में मनाया जाता है। इस अवसर पर शिशुपाल श्रीरामे, रामप्रसाद भलावे, देवानंद कुंभरे, विजय सरोते, धनराज कोडवते भरत लाल कुंभरे अंचराम श्रीरामे ,सुरेश मेश्राम, कैलाश मर्सकोले, देवक भलावे, अशोक श्रीरामे, सुरेंद्र कुभंरे,रमेश सरोते, संजय बागडे, सहित अन्य सामाजिक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।






